तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025

11 ठेन्ही में चला सफाई अभियान, बच्चों में भी दिखा जोश



12 भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं बनाने में जुटे मूर्तिकार





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

गांधी चौक मैदान में घंटे भर किया प्रदर्शन व नारेबाजी, पुलिस को चकमा देकर पुतले में लगाई आग

# बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने सीएम का पुतला फूंका, गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के कांग्रेसियों ने बुधवार की शाम 4: 30 बजे गांधी मैदान में प्रदेश और जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। नारेबाजी कर गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा। इधर कांग्रेस के पुतला फूंकने की तैयारी को लेकर पुलिस के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कांग्रेसियों से पुतला छीनने, आग लगे पुतले को बुझाने का असफल प्रयास लेकिन कांग्रेसियों ने पुतला जलाया, गृहमंत्री का इस्तीफा मांगा।

इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपाराज में कोई भी सुरक्षित नहीं है। भोयना में घटित घटना से पूरा राज्य स्तब्ध है। इसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। आपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति से शांत प्रिय धमतरी बदनाम हो गया। जिले







में प्रतिदिन चाकूबाजी, लूट की घटना हो रही है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। होटल, रेस्टोरेंट, चौक, बाजार में लोगों के साथ घटना हो रही है जिसकी मुख्य वजह है पुलिस व जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था। शासन की निष्क्रियता के कारण नशेबाजी का दौर फल-फूल रहा है। नशे की हालत में अपराधी आम आदमी को निशाना बना रहे हैं। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि भोयना की घटना दिल दहला देने वाली है। प्रदेश की सरकार की निष्क्रियता से छग में अपराध बढ़ गया है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि अपराधियों को सरकार का भय नहीं है। बल्कि संरक्षण में अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ गई है। हर गली, मोहल्ले में अवैध शराब, नशीले पदार्थ, सूखा नशा खुलेआम बिक रहा है। मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, नीशु चन्द्राकर, कविता बाबर, आनंद पवार, योगेश लाल आदि ने भी सभा को संबोधित कर भाजपा सरकार को जमकर कोसा। गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा।

पुतला दहन के दौरान आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, अरविंद दोशी, दीपक सोनकर, राजा देवांगन, होरीलाल साहू, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, जितेन्द्र साहू, सोमेश मेश्राम, विक्रांत शर्मा, संतोष हिरवानी, गुड्डा दीवान, दीपक साहू, खिलेन्द्र साहू, गुरूगोपाल, कमलेश सोनकर, अजय वर्मा, अंबर चन्द्राकर, एवन साहू, गीतराम सिन्हा, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, जय श्रीवास्तव, अविनाश मारोठे, अजय डहरिया, यश राजपूत, गजानंद रजक, ललित यादव, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामड़े, भागी ध्रुव, यश दुबे, पवन यादव, तेजप्रकाश, धनेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 18 से कालेज मार्ग शाम 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहेगा

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में कन्या छात्रावास 18 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से उक्त दिनांक से पंचवटी कॉलोनी एवं जोधापुर वार्ड से महाविद्यालय पहुंच मार्ग प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रातः 7 बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने दी है।

### रिक्त सीटों पर 14 तक मिलेगा प्रवेश

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर कक्षाओं की रिक्त सीटों के लिए 14 अगस्त तक प्रवेश की अंतिम तिथि विश्वविद्यालय व्दारा निर्धारित की गई है। इन कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं संबंधित विभाग में अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रातः 11 बजे उपस्थित हो सकते हैं। छात्र-छात्राओं के गुणानुक्रम के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया होगी।

### देवपुर में कबड्डी प्रतियोगिता 15 को

**पुरी।** स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय अम्बे कबड्डी दल द्वारा देवपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त शुक्रवार को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपए, तृतीय पुरस्कार 4000 रूपए तथा चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपए रखा गया है।

## फिर चला चाकू : चिटौद में युवक की हत्या

- रक्षाबंधन त्योहार पर राखी बंधवाने अपने गांव भोथापारा आया था
- आरोपी पुलिस के हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भोयना में हुए ट्रिपल मर्डर की घटना के दूसरे दिन फिर एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई है। पुलिस आरोपी को हिरासत में ले आगे की कार्रवाई में जुटी है।

परिजन व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोथापारा मुरूमसिल्ली निवासी भागवत मरकाम पिता आनंदराम उम्र 30 वर्ष बोरवेल्स वाहन में काम करता था। रक्षाबंधन त्योहार पर राखी बंधवाने शनिवार को अपने घर भोथापारा आया था। उसके पिता व भाई भी काम करने दुर्ग गए थे। वे लोग भी रक्षाबंधन पर घर आए हुए थे। मंगलवार की सुबह पिता आनंदराम अपने छोटे बेटे व बहू के साथ वापस दुर्ग चले गए। भागवत भी अपने काम पर वापस जाने की तैयारी में जुट गया। शाम को भागवत गांव के साथी मजदूर लीलेश नेताम के साथ बोरवेल्स वाहन में काम पर जाने भोथापारा से बस में सवार होकर धमतरी पहुंच गया जहां किसी व्यक्ति से फोन में उसकी बात हुई। उक्त व्यक्ति ने भागवत को ग्राम चिटौद थाना पुरूर के पास उतरने के लिए कहा जहां से बोरवेल्स वाहन में जाने की बात कही। दोनों युवक धमतरी से बस में सवार होकर ग्राम चिटौद पहुंच गए। बस से उतरकर दोनों युवक चिटौद के कमल सागर तालाब के पास स्थित बसंत किराना दुकान के पास खड़े थे। वहीं पर मनीष कुमार सिन्हा का भी मकान है। मनीष भी किराना दुकान के पास खड़ा था। रात्रि लगभग 8 बजे किसी बात को लेकर भागवत और मनीष के बीच विवाद शुरू हो गया। तैश में आकर मनीष ने चाकू से भागवत के गले के नीचे प्राणघातक वार कर दिया। चाकू के हमले से युवक अचेत होकर गिर गया। सूचना पर पुरूर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई। पुलिस ने हाइवे पेट्रोलिंग की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। बुधवार की दोपहर परिजनों के पहुंचने के बाद चौकी पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुरूर पुलिस संदेही मनीष सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं मृतक के साथ मौजूद साथी लीलेश इस घटना के बाद सदमे में है।





## स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की हुई अंतिम रिहर्सल

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की तैयारियों की समीक्षा
- कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह गरिमामय और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसी कड़ी में डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास (फुल ड्रेस रिहर्सल) आयोजित किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस पूर्वाभ्यास में मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार सभी गतिविधियों का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण और फोटो सेशन शामिल थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होगा, जिसमें कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम में सलामी, राष्ट्रगान, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, शहीद परिवारों का सम्मान और उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।





कुल्हाड़ी, दरबा, कोटगांव तिराहा के पास की घटना, बिरेझर चौकी पुलिस जांच में जुटी

## सूमो वाहन रोककर चालक को जिंदा जलाने की कोशिश, कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

रामायण कार्यक्रम कर घर लौट रहे एक व्यक्ति को जिंदा जलाने की कोशिश की गई। हेलमेट लगाए चार अज्ञात लोगों ने उसकी सूमो गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। कार चालक किसी तरह गाड़ी से कूदकर जान बचाने में सफल रहा।

कोटगांव निवासी संतोष साहू ने बिरेझर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बयान में बताया कि 10 अगस्त की शाम करीब 6:30 बजे वह रामायण कार्यक्रम कर सूमो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचडी 2769 से घर लौट रहा था। कुल्हाड़ी, दरबा, कोटगांव तिराहा के पास एक हेलमेट लगाये व्यक्ति ने उसे इशारे से रोका। रुकने पर वह व्यक्ति गाड़ी के पास आया और बोला कि कार्यक्रम अच्छा था, वह भी ऐसा कार्यक्रम कराना चाहता है। संतोष ने कहा कि कार्यक्रम करना है तो मेडिकल में मिलो या फोन पर बात करो। संतोष ने नाम और पता पूछना शुरू ही किया था कि तभी उसके साथ मौजूद अन्य अज्ञात लोगों ने सूमो के पीछे हिस्से में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। आग की लपटें तेज थी। संतोष भी चपेट में आ सकता था। वह तुरंत गाड़ी से कूद गया। इसके बाद तीन-चार अज्ञात लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कुछ देर बाद संतोष ने घरवालों और अन्य लोगों को सूचना दी। 15 - 20 मिनट में गांव के लोग पहुंच गए। इस आगजनी में सूमो वाहन पूरी तरह जल गया। करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। संतोष ने 11 अगस्त को चौकी में लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 126 (2), 326 (च), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## सड़क हादसे में अर्धविक्षिप्त वृद्धा की मौत

- संबलपुर बाईपास की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संबलपुर बाईपास से पैदल गुजर रही एक अर्धविक्षिप्त वृद्धा को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल वृद्धा की अस्पताल में मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार एक 70 वर्षीय अर्धविक्षिप्त अज्ञात वृद्धा बुधवार की सुबह 6 बजे के लगभग संबलपुर बाईपास में पैदल जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने वृद्धा को ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से वृद्धा गंभीर रूप से घायल होकर बाईपास में पड़ी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे रोशन राठी की नजर घायल वृद्धा पर पड़ी। मानवता का परिचय देते हुए रोशन ने तत्काल वरदान एम्बुलेस संस्था को फोन पर घटना की सूचना दी। जानकारी होते ही संस्था के शिवा प्रधान, पप्पू साहू व खिलावन साहू एम्बुलेस के साथ तत्काल घटनास्थल संबलपुर बाईपास पहुंचे। अर्जुनी की पेट्रोलिंग टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। पेट्रोलिंग टीम के सहयोग से घायल वृद्धा को एम्बुलेस से उपचार के लिए जिला अस्पताला लाया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्धा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वृद्धा साड़ी व उसके ऊपर एक शाल लपेटी हुई है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। चौकी पुलिस शव को मर्च्यूरी में सुरक्षित रख शिनाख्ति का प्रयास कर रही है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

फिर होगी गड़बड़ी की जांच, केवाईसी नहीं होने पर अटकी किस्त

## संदिग्ध खातों में रूकी पीएम सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक ही परिवार के कई लोग पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। इस फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इसी के तहत कई संदिग्ध खातों में सम्मान निधि को रोक दिया गया है। इसके अतिरिक्त जिन लोगों ने केवाईसी नहीं कराई है उनकी भी सम्मान निधि रोकी गई है।

लेट से ही सही किसानों को सम्मान निधि दे दी गई है। सम्मान निधि की 20वीं किस्त जून माह में किसानों को दी जानी थी, लेकिन जांच, केवाईसी सहित अन्य कारणों से सम्मान निधि दो माह लेट हुई। अगस्त माह में किसानों के खाते में सम्मान निधि की राशि डाली गई। विडंबना यह है कि इस बार कई किसानों की सम्मान निधि रोक दी गई है। इनमें कई किसानों की केवाईसी नहीं हुई है, वहीं कई संदिग्ध खाते हैं। जानकारी के अनुसार राशनकार्ड में दो या दो से अधिक किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों के नाम हैं। कई मामलों में पति, पत्नी और बच्चों को भी सम्मान निधि मिल रही थी। ऐसे लोगों की सम्मान निधि रोक दी गई है। जांच के बाद उनके खाते में राशि डाल दी जाएगी।




### साढ़े सात हजार किसानों को सम्मान निधि नहीं

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 1 लाख 7 हजार से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। इसमें से 99 हजार 677 किसानों के खाते में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा किसान सम्मान निधि की राशि डाली गई है। करीब साढ़े सात हजार किसानों के खाते में यह राशि नहीं आई है। पंजीकृत में से 425 किसान ऐसे हैं, जिन्होंने केवाईसी नहीं कराई है। ज्यादातर किसानों की सम्मान निधि खातों के संदिग्ध होने के कारण रोकी गई है।

### यह भी है कारण

किसान सम्मान निधि योजना के तहत कुछ मामलों में पेमेंट रोकी गई है। आधार लिंकिंग पूरा न होना या जमीन के सत्यापन का अधूरा होना, दस्तावेज या रिकॉर्ड में नाम, आधार और बैंक डिटेल में गलती होना जैसे कारण भी हैं। यदि किसान सम्मान निधि का वास्तविक पात्र है तो उसे घबराने की जरूरत नहीं है। सम्मान निधि नहीं आने की स्थिति में उसे सभी जरूरी अपडेट पूरा करना होगा। इसके बाद उनके खाते में राशि आ जाएगी। जिनकी दो तीन किस्त रूकी है, उन्हें एक साथ सभी किस्त मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### बोरझरा स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन




**भखारा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोरझरा मे अध्यनरत विद्यार्थियों के पालकों की बैठक आहूत कर शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। बैठक में पालकों द्वारा सर्व सम्मति से प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष डालेश्वरी साहू, शिक्षाविद राजेश रात्रे बनाए गए हैं। इसी प्रकार प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारायण सिन्हा, उपाध्यक्ष हेमा साहू साहू एवं शिक्षाविद नूकेश कुमार साहू को बनाया गया है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश यादव व नारायण सिन्हा का कहना है कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता और संस्कार युक्त शिक्षा मुहैया करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों से चर्चा कर योजना बनाने की बात कही है।

### ऑनलाइन आवेदन 16 तक

**धमतरी।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु पुनः रिक्त स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र 16 अगस्त तक आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट cgiti.admissions.nic.in से पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली-भांति अध्ययन कर लें। सहायता या जानकारी से लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से अथवा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। समय-सीमा के पूर्व आवेदक अपने आवेदन पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि एवं संस्था/व्यवसाय प्राथमिकता क्रम में सुधार कर लेवें। पूर्व के आवेदक जो अगली चरण में शामिल होना चाहते है, उन्हें अपने लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था/व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें अगले चरण में शामिल नहीं किया जावेगा।

### अंवरी में निकली तिरंगा यात्रा

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूरे गांव की गलियों का भ्रमण किया। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़, जिला उपध्याक्ष पुष्पेन्द्र साहू, लेखराम साहू, पवन यादव, रंजीत जांगड़े, जागेश्वर निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### निधन

**जानिया बाई साहू**



**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी श्रीमती जानिया बाई साहू का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे तीरथ साहू की मां व देवेंद्र, देवव्रत साहू की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

---

कुरूद विधायक ने उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास

# भखारा का गार्डन ऑपरेशन सिंदूर के नाम से जाना जायेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण का शिलान्यास, भूमिपूजन मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने कहा कि भखारा को विकास की ओर ले जाने और आम जनता को रोजगार प्रदान करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। नगर में बिजली, पानी, अस्पताल, रेस्ट हाऊस, कालेज, आईटीआई एवं अन्य जनसुविधा के बाद नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण मिले। बच्चों को खेलने के लिए स्वतंत्र स्थान पर गार्डन का शिलान्यास किया गया है। गार्डन का नाम आपरेशन सिंदूर रखा जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि नगर में गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत आज भी बरकरार है जिसके लिए कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है। वाटर हार्वेस्टर पर आप भी ध्यान दें। अधूरे पड़े बाईपास को बनाने शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। टेंडर जारी कर बहुत जल्द कार्य शुरू होगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने भखारा भठेली में उद्यान और सौंदर्याकरण के संबंध में कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि हमारे कार्यकाल में विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से स्वच्छ, सुन्दर वातावरण में गार्डन का निर्माण हो रहा है। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने स्वागत भाषण दिया।

इस अवसर पर कुरूद एसडीएम नभसिंह कोसले, तहसीलदार भूपेश चन्द्राकर, एसडीओ वन मनोज कुमार विश्वकर्मा, रेंजर संदीप सोन, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, पटवारी देवेंद्र साहू समेत नगर के अधिकारी-कर्मचारी एवं जिला, जनपद के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, आईटीआई स्टॉफ उपस्थित थे।






**भखारा हमारे प्राइम विजन में : कलेक्टर**



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत भखारा राजधानी और दुर्ग जिले के मध्य सटा हुआ शहर है जिसे ध्यान में रखते हुए भखारा में विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे भखारा का चौतरफा विकास होगा। गार्डन निर्माण का शिलान्यास गर्व की बात है।

# नपं कुरूद में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली




- अध्यक्ष ज्योति ने भारतमाता चौक पर तिरंगा लहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर की अगुवाई में हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत कुरूद द्वारा बाइक रैली के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर पंचायत कार्यालय भवन पुराना बाजार चौक से नगर भ्रमण कर भारत माता चौक, केनाल रोड तक निकाली गई। अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने भारतमाता की आदमकद प्रतिमा की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर चौक में तिरंगा लहराया।

गौरतलब है कि नगर के जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकगण, गणमान्य नागरिकों के साथ आज़ादी का जश्न मनाने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री साय के आह्वान पर यह विभागीय यात्रा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर की अगुवाई में निकाली गई।

इस तिरंगा यात्रा में प्रमुख तौर पर विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, तहसीलदार दुर्गा साहू, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, नगर के पार्षदगण, स्थानीय कर्मचारी व बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

# विधायक की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा

- भखारा के जनप्रतिनिधि व नगरवासी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पंचायत भखारा में मोर तिरंगा मोर अभिमान के तहत विधायक अजय चंद्राकर की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पुराना छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक से शुरू होकर पुराना बाजार, अटल चौक, नगर पंचायत चौक होते हुए भाजपा कार्यालय तक पहुंची जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा जनप्रतिनिधि, नगरवासी व स्थानीय नगर के कर्मचारी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा थामे सभी ने देशभक्ति गीत गुनगुनाते हुए भारतमाता के जयकारे लगाये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरखचन्द जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिपं सभापति द्वय पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी गायकवाड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, जनपद सभापति आनंद यदु, सिंधु बैस, चोवाराम गंजीर, डुमेंद्र गंगबेले, नेता प्रतिपक्ष बिट्टू गौर आदि शामिल हुए।



# तिरंगा यात्रा निकालकर अमर शहीदों को किया नमन




- जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, शासकीय तथा अशासकीय कर्मचारी, पेंशनर्स समाज एवं स्कूली छात्र-छात्राएं हुए यात्रा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर पंचायत नगरी में विधानसभा सिहावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, शासकीय तथा अशासकीय कर्मचारियों, पेंशनर्स समाज एवं नगर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा राजबाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी के पास शहीद स्मारक तक जाकर खत्म हुई। शहीद स्मारक में सभी लोगों से शपथ ग्रहण कराया गया। तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में देश प्रेम तथा देश भक्ति की भावना का संचार करना और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को याद करना है।

इस अवसर पर पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के संरक्षक एएल बनपेला, सचिव पीआर चंद्रवंशी, अंकेक्षक डीएस ध्रुव, सदस्य जगदीश साहू, मुदित श्रीवास्तव, जीसी साहू, श्रीमती अलका गजपाल एवं सुश्री शकुन कश्यप उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी देश भक्ति की भावना का परिचय दिया।

# शिक्षक राजकुमार को मिला आचार्य विनोबा पोस्ट ऑफ द मंथ का अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला प्रशासन समग्र शिक्षा परियोजना कार्यालय जिला धमतरी के सहयोग से संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड नगरी के पोस्ट ऑफ द मंथ अवॉर्ड से शिक्षक राजकुमार शील शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रकाशचंद्र साहू द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं विनोबा सहायक शिक्षक सामग्री टूल्स बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसमें शिक्षक विद्यालय गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते हैं। शिक्षक द्वारा अब तक विनोबा ऐप में 51 शैक्षिक गतिविधियां एवं 18 टीचर्स स्टोरी अपलोड किया जा चुका है।

# डोकाल में निकली तिरंगा रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

ग्राम केरेगांव के समीपवर्ती ग्राम पंचायत डोकाल में ग्राम सभा के आयोजन के लिए गांव के सारे कामकाज बंद किए गए। ग्राम सभा में महिला, पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम सभा में पंचायत के विकास संबंधी व नल जल योजना और मजदूरों को नियमित काम दिलाने के लिए चर्चा की गई। ग्राम सभा संपन्न होने के बाद डोकाल सरपंच श्रीमती प्रियंका उइके एवं सचिव चंद्रहास ध्रुव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण किया।

तिरंगा रैली में सरपंच प्रतिनिधि देवचंद उइके, शिवकुमार कुंजाम, समर सिंह नेताम, नारायण सलाम, मनोज कुमार मंडावी, सुदर्शन नेताम, सोमप्रकाश मरकाम, संजय कुमार, ग्राम पटेल गौतम सूर्यवंशी, शिव मरकाम, श्रीमती आरोतिन नेताम, श्रीमती प्रमिला मंडावी, श्रीमती अनामिका नागेश, श्रीमती गणेशी बाई पोया, देवकुमारी मरकाम, जया बाई नेताम, लताबाई, गेमिन बाई, आरोतिन बाई एवं श्रीमती गोदावरी बाई उपस्थित रहे।

# तनुजदास शाला नायक व साक्षी उपशाला नायक चुने गए

- भेंडरा स्कूल में छात्र संघ का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। कक्षा 12वीं के छात्र तनुजदास को शाला नायक तथा कक्षा 11वीं की कुमारी साक्षी को उपशाला नायक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु लीलाधर और इशिका को सांस्कृतिक प्रभारी नियुक्त किया गया। क्रीड़ा गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने कक्षा 12वीं से टिकेंद्र कुमार एवं कुमारी लीना को क्रीड़ा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कक्षा 9वीं से पुष्पराज, कक्षा 10वीं से संजना, कक्षा 11वीं से नरेंद्र और कविता वहीं कक्षा 12वीं से भानुप्रताप, चांद और दीपक को स्वच्छता प्रभारी नियुक्त किया गया। अनुशासन व्यवस्था के संचालन के लिए तारिणी, खुशी, नोमेंद्र और अनुराग को अनुशासन प्रभारी बनाया गया। प्राचार्य टीआर साहू ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैच लगाकर पदभार ग्रहण करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र संघ केवल पद का नाम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और नेतृत्व का अवसर है। उन्होंने पदाधिकारियों से विद्यालय की स्वच्छता, अनुशासन, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने की अपेक्षा व्यक्त की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एमएल साहू, कुंती महोबिया, ज्योति साहू, दसोदा साहू, गोपेश्वर देवांगन, पुखराज साहू, पारसमणि साहू, हमेंद्र साहू, सोहनलाल साहू सहित विद्यालय के शिक्षकगणों का योगदान रहा।

# यात्री प्रतीक्षालय की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम राजपुर के वार्ड क्रमांक 13 में 15 अगस्त के आयोजन को लेकर यात्री प्रतीक्षालय और वार्ड की साफ-सफाई की गई। मौके पर सरपंच जाम बाई सिन्हा, वार्ड पंच दिनेश्वरी सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा, छत्रपाल सिन्हा, सुंदर निषाद, दशरथ सिन्हा, धीरपाल सिन्हा, सोमगिर, हुमन, सहदेव, हेमन्त, सुमन चंद्रशेखर सिन्हा आदि मौजूद थे।

---

**राज मानस संघ द्वारा ग्राम कठौली में मानसगान, रक्तदान और सांस्कृतिक गौरव से सजी तुलसीदास जयंती**

# गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य की प्रासंगिकता सर्वकालिक रहेगी : रामसुंदर महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ग्राम कठौली के मुख्य संयोजन एवं राजमानस संघ धमतरी की संघीय इकाई मानस शक्ति केंद्र गोजी के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती एवं आध्यात्मिक चिंतन संगोष्ठी बाजार चौक ग्राम कठौली में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महंत डॉ. रामसुंदरदास महाराज, दुधाधारी मठ रायपुर व विशिष्ट अतिथि अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ धमतरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, पुरुषोत्तम मिश्रा प्रबंधक श्री राजीवलोचन मंदिर राजिम, संत निर्मलदास वैष्णव, एसडी साहू, पुराणिकराम साहू, प्रेमलाल साहू सचिव मानस शक्ति केंद्र गोजी थे। अध्यक्षता नारायणलाल देवांगन अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र गोजी ने की।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. रामसुंदर दास महंत ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य की सर्वकालिक प्रासंगिकता रहेगी। तुलसी जयंती पर रक्तदान का पुनीत कार्य समिति द्वारा किया जा रहा है। गोस्वामी जी ने मानस में उदधृत किया है कि परोपकार के समान जीवन में कोई दूसरा धर्म नहीं है। गौकरण सिंह साहू ने अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ग्राम कठौली के विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक उपलब्धियों का परिचय देते हुए क्षेत्र में ग्राम कठौली की कला संस्कृति का जिक्र किया।



राजमानस संघ के जिला अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने कहा कि राजमानस संघ प्रदेश की सबसे बड़ी मानस मंडलियों की संस्था है। एक ही दिन राजमानस संघ आज 35 विभिन्न जगहों पर गोस्वामी तुलसी जयंती मना रहा है। आभार व्यक्त मानस शक्ति केंद्र गोजी के अध्यक्ष नारायण लाल देवांगन ने दिया। कार्यक्रम में मधुमारुति मानस परिवार गोजी, सरस्वती महिला मानस परिवार कठौली, तुलसी के सिंगार मानस परिवार चारभाठा नारी, सीताराम बालिका मानस मंडली भोथली, रघुवर मानस परिवार चर्रा, कुरुद, समर्पण मानस परिवार बकली, अर्चना महिला मानस मंडली करेली बड़ी की प्रस्तुति रही। वहीं तुलसी जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें समिति के सदस्यों सहित क्षेत्र के 18 युवाओं ने रक्तदान किया। इस आयोजन में सृजित समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार सोनवानी, सतीश शर्मा, रेखा निषाद, राजकुमार निषाद, जागृति साहू, रामकुमार साहू, सगुण दास मानिकपुरी, डॉ. खिलावन साहू, अर्जुन मानिकपुरी, किसुन पटेल, राहुलदेव साहू, खेमू पटेल, जितेंद्र साहू, टिकेश्वर विश्वकर्मा, विरेन्द्र नगारची, उचंद निषाद ,राधेश्याम नगारची, भोला पटेल, लक्ष्मण यादव, डेमन साहू, उदय साहू, परमेश्वर निषाद, यशोदा साहू, खेमिन साहू, सुमन साहू, सेवती यादव, नंदनी निषाद, उमा साहू, हिरौंदी साहू, नागेश्वरी निषाद, रूक्मणि साहू, टिलेश्वरी साहू, दिनेश्वरी, यशोदा साहू, उमा साहू, मंजु साहू, प्रमिला, कविता, किरण का योगदान रहा। इस अवसर पर रामायणी एवं मानस मर्मज्ञ कृष्णकुमार पांडेय, रामचंद्र विश्वकर्मा, टोमनलाल, पोखराज साहू, भानुराम साहू, लीलाराम साहू, रेलहराम साहू, मन्नूलाल साहू, केवलराम साहू एवं क्षेत्र के रामायणियों की उपस्थिति रही। संचालन सतीश शर्मा व आभार वचन अध्यक्ष प्रशांत कुमार सोनवानी ने किया।

## अंचल की खबरें

### गढ़डोंगरी के ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से मुलाकात की



**धमतरी**। उपस्वास्थ्य केन्द्र के लिए नवीन भवन की मांग एवं प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में शिक्षक व्यवस्था की मांग लेकर ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा से मुलाकात की। मौके पर शिव मरकाम जनपद सदस्य, पन्नालाल मरकाम जनपद सदस्य, रजनी नेताम सरपंच, केसरी ठाकुर, पंच कपिल मरकाम, पूर्व सरपंच दीनू नेताम, नाथूलाल ध्रुव, पंच रोहित नेताम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। अध्यक्ष ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को तत्काल निरीक्षण करने निर्देशित किया।

■ उपस्वास्थ्य केन्द्र के लिए नवीन भवन व स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की

### परिक्षेत्र साहू समाज दरबा ने किया पौधारोपण



**अंवरी**। परिक्षेत्र साहू समाज दरबा के तत्वावधान में ग्राम बिरेझर में फलदार पौधों का रोपण किया गया साथ ही सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। मौके पर दरबा परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष कमलेश साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, संतराम साहू, तहसील अध्यक्ष राधे श्याम साहू, सचिव लिखन राम साहू, ललित कुमार चौधरी, अध्यक्ष मौरीखुर्द पोषण साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष रामचंद्र साहू, डोमन साहू, नीलम साहू, भुनेश्वर साहू, लेखराम साहू, नागेश साहू, फूलसिंग साहू, केआर साहू समेत बड़ी संख्या में तहसील, जिला एवं ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बाजार कुर्रीडीह में तिरंगा रैली निकली



**धमतरी**। शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के छात्र-छात्राओं ने घर-घर तिरंगा अभियान के तहत जन जागरूकता लाने तिरंगा रैली निकाली। इस रैली में विद्यार्थियों ने प्रेरक नारे एवं तिरंगे के सम्मान में जयघोष करते हुए गांव की गलियों का भ्रमण कर चौक-चौराहों पर 15 अगस्त तक अपने घर में झंडा संहिता का पालन करते हुए तिरंगा फहराने का आग्रह किया। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव के संरक्षण और वरिष्ठ व्याख्याता डॉ आशीष नायक के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। इस रैली में चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद, शिवकुमारी नेताम, भावना रामटेके, खेमिन नागवंशी, भगतराम मंडावी, भागीरथी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेटों ने निकाली तिरंगा रैली




**धमतरी**। 15 अगस्त 2025 को हिंदुस्तान अपनी आजादी के 78 साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर आजादी के जश्न को मनाने की तैयारी जोर-शोर से पूरे देश में चल रही है । घर से बाहर निकलते ही सभी सड़क तिरंगे से सजे हुई दिखाई देगी। आजादी के उत्सव के मौके पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा विषय पर रैली का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेटों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से पंचवटी कालोनी हुए रत्नाबांधा चौक तक रैली निकाली गई। रैली को प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्रिका साहू ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और एनसीसी कैडेट काजल, इंद्रेश कुमार, मुस्कान, महेंद्र कुमार, गौरव कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन पर भाइयों की कलाई पर सजा बहनों का स्नेह



**सिर्री**। सिर्री सहित अंचल के गांवों में पुरानी परंपरा और रीति-रिवाज के साथ भाई बहनों ने राखी का त्योहार मनाया। भाई की कलाई पर बहनों ने रक्षासूत्र बांधा। संध्या पटेल, यशु पटेल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहनें अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर हाथों में रक्षा का बन्धन बांधती हैं। यह एक हिन्दू त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे जैसे महंगी भी होती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाइयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते हैं।

### शहीद निर्मल और महावीर प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



**नगरी**। ग्राम कौहाबाहरा के शहीद निर्मल नेताम और गट्टासिल्ली के शहीद महावीर प्रसाद मारकोले के स्मारक स्थल पर दुगली, कौहाबाहरा पुलिस ने श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना प्रभारी ने शहीद के परिवारों को श्रीफल देकर सम्मानित किया। मौके पर दुगली कौहाबाहरा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार, एचसी सत्येंद्र दीक्षित, घनशयाम साहू, सेवक रंगारी, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, ग्रामीण अध्यक्ष रामलाल नेताम, पंच शंकरलाल सेन, नियम नेताम, अजय नेताम, खम्मन सेन, पवन नेताम, कमलेश मरकाम, राधिका नेताम, भवानी नेताम,अमृत बाई मारकोले, संतोष मारकोले, श्यामलाल मरकाम, असवन कुमार, राम कुमार नेताम, विनय नेताम, भूषण लाल, नील मरकाम, भावसिंह मंडावी समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

गाताभर्री की जर्जर आंगनबाड़ी की हुई मरम्मत, नंदेश्वरी व मीना ग्रामसभा अध्यक्ष चुनी गई

# ठेन्ही में चला सफाई अभियान बच्चों में भी दिखा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत ठेन्ही के वार्ड क्रमांक 4 गाताभर्री में दिनेशकुमार यादव वार्ड पंच के नेतृत्व में 15 अगस्त के पहले व दूसरे चरण में सफाई अभियान चलाया गया। शासन की योजनाओं को ग्रामीण तक पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, स्वच्छता पर नजर रखी जा रही है। इसमें महिला समूह, मितानिन, वरिष्ठजन, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित वार्डवासियों का भरपूर सहयोग मिला। ग्राम को स्वच्छ ग्राम बनाने महिला व छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साह के साथ सफाई की। प्राथमिक शाला गाताभर्री में प्रधानपाठक झुमुक नायक ने फूलवारी गार्डन बनाने के लिए तार घेराव के सहयोग की मांग की थी जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए वार्डवासियों ने खम्बे लगाकर तार से घेराव किया।



वार्ड क्रमांक 4 के वार्ड पंच ने बताया कि ग्राम की छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण हो रहा है। आगे कहा कि स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। सफाई अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गोदावरी बारला, निर्मला ठाकुर, अंजनि ध्रुव, कुमारी यादव, रुक्मणि प्रधान, कमीन बाई, मालती यादव, संतोषी ठाकुर, रम्भा ठाकुर, लक्ष्मी यादव, गोदावरी विश्वकर्मा, नूरमती नेताम, शारदा नेताम, नंदेश्वरी नेताम, मितानिन जानकी ठाकुर, मालती ध्रुव, भारत नेताम, नरसिंह ठाकुर, लगनू ठाकुर, अमृत बारला, नकुल प्रधान, देवसिंह ठाकुर, गजानंद यादव, हरिराम नेताम, पदमन विश्कर्मा, बादल ध्रुव सहित अन्य लोगों का योगदान रहा। इसी क्रम में कुछ दिन पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व वार्डवासियों ने गाताभर्री के जर्जर आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कराने की मांग की थी। निरीक्षण करने के बाद आंगनबाड़ी की छत की मरम्मत की गई। ठेन्ही के आश्रित ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। वार्ड क्रमांक 4 गाताभर्री से ग्राम सभा अध्यक्ष नंदेश्वरी नेताम, वार्ड क्रमांक 6 अर्जुनी से मीना नेताम को पेसा एक्ट के तहत सर्व सहमति से ग्राम सभा अध्यक्ष मनोनीत कर 1 वर्ष के लिए जिम्मेदारी दी गई। ग्राम पंचायत ठेनही के सचिव हुलेश प्रजापति ने ग्राम सभा में शासन की योजनाओं को एजेंडावर रखा। मौके पर ठेन्ही सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रुपेश्वर नाग, सभापति कृषि एवं राजस्व तथा वन समिति वार्ड पंच दिनेश कुमार यादव, वार्ड पंच सुरेश सोरी, ग्राम पटेल शत्रुघ्न ध्रुव, आलम नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, महिला समूह, शिक्षक सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 16 अगस्त को



■ पेंशनधारी कल्याण संघ का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 अगस्त को हुई जिसमें कुल 13 नए सदस्य लक्ष्मणराव मगर, पवन कुमार खापर्डे, अभयराम गजेन्द्र, कृष्णकुमार देवांगन, गिरधर लाल सिन्हा, सरोज साहू, हजारी लाल कुर्रे, माधवलाल साहू, मोहनलाल गजेन्द्र, छन्नू लाल साहू, टेकराम सिन्हा, अंगद राम वर्मा, मीना बाबर ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। हनुमान सिंह वर्मा निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की।

संघ की सदस्यता ग्रहण करने की तिथि 12 अगस्त, मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन 16 अगस्त, मतदाता सूची पर दावा आपत्ति एवं निराकरण 17 अगस्त, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 अगस्त, नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि 26 अगस्त को 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच एवं वैद्य नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 27 अगस्त, नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन 30 अगस्त को 2 बजे से 3 बजे तक होगा। यह प्रकिया कार्यालय शासकीय कर्मचारी साख सहकारी समिति कार्यालय बांसपारा, धमतरी में होगी। मतदान के आवश्यक होने पर चुनाव 8 सितंबर को दो बजे से शाम 4 बजे तक होगा। परिणाम की घोषणा मतदान के तत्काल बाद होगी। यह जानकारी सचिव अरूण गौर एवं हनुमान सिंह वर्मा निर्वाचन अधिकारी ने दी है।

## पूर्व जिपं उपाध्यक्ष ने संबलपुर को किया पानी टैंकर का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने 15 वें वित्त मद 2024-25 से स्वीकृत पानी टैंकर का वितरण करते हुए ग्राम पंचायत संबलपुर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते कहा कि गांव में नल-जल योजना से घरेलू जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध तो है, लेकिन सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों जैसे विवाह, उत्सव, सामूहिक भोज आदि के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में टैंकर मिलने से ग्रामवासियों की यह बड़ी समस्या दूर हो गई है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूर्व में ग्रामीणों की मांग अनुरूप ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर देने का वादा पूरा किया। पानी टैंकर मिलने से गांवों मे आयोजित होने वाले सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य कार्यक्रमों में पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुगम होगी। पूर्व सरपंच राजेश चंद्राकर ने कहा कि पूर्व उपाध्यक्ष से हमने ग्राम की मूलभूत समस्याओं को देखते हुए पानी टैंकर की मांग की थी जिसे सहज स्वीकार कर हमें पानी टैंकर प्रदान किया।

इस दौरान सरपंच मंजू चंद्राकर, उपसरपंच पालेश्वर मरकाम, सचिव चुन्नूलाल ध्रुव, रोजगार सहायक कुन्दन यादव, पंच दुर्गा मरकाम, पवन ठाकुर, डोमिन ध्रुव , फुलेश्वरी साहू, विद्या मरकाम, सकीना मानिकपुरी, वीरू उस्ताद ध्रुव, ललित यादव, योगेश निर्मलकर, पृथ्वीपाल क्षत्रिय, योगेश साहू, रंजीत नेताम, यमन चंद्राकर, देवकी निर्मलकर, चंद्रहास रामटेके समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में ठाकुर का कुआं व बड़े घर की बेटी का नाट्य मंचन

**धमतरी**। बीसीएस शा. स्ना. महाविद्यालय में हिन्दी विभाग, एनएसएस एवं अजीम प्रेमजी फांउडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचन्द जयंती स्मरण के अवसर पर उनकी दो कहानियों ठाकुर का कुआं व बड़े घर की बेटी का नाट्य मंचन किया गया। इसमें प्रेमचंद की पोस्टर प्रदर्शनी एवं चर्चा भी हुई। कहानियों का नाट्य मंचन शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियटर ग्रुप धमतरी के कलाकारों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जयश्री पंचागम, पल्लवी सेन, डॉ. खेदू भारती द्वारा सरस्वती पूजन के साथ की गई। डॉ. खेदू भारती ने प्रेमचन्द की समग्र कथा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दर्शकों का उत्साहवर्धन किया और उन्होंने अपने द्वारा लिखी पूर्णिका छन्द की कविता का भी पाठ किया। ठाकुर का कुआं कहानी के नाट्य मंचन के माध्यम से यह संदेश किया गया कि समाज में उस समय जमींदारों व समाज के उच्च वर्गों द्वारा निम्न वर्ग व अछूत वर्ग प्यासे रहकर मर सकते हैं लेकिन ठाकुर के कुएं से साफ पानी भरने की इच्छा तक नहीं जाहिर कर सकते हैं। ऐसी विसंगतियां आज भी देश के कुछ क्षेत्रों में देखने को मिलती हैं। बड़े घर की बेटी का भी शानदार जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सपना ताम्रकार, पल्लवी सेन, डॉ. जितेन्द्र मानकर, डॉ. डीआर टंडन, भीषम साहू, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डॉ. कामिनी सिन्हा, कुशल चोपड़ा, डॉ. जितेन्द्र मानकर, डॉ. अश्विनी कुमार व अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन निरंजन कुमार साहू ने किया।

कार्यक्रम में अबूझमाड़ के खिलाड़ी इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता शामिल होंगे

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह रोमांच और जोश से भरपूर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में इस बार का जिला स्तरीय मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त) रोमांच और जोश से भरपूर होगा, क्योंकि इसमें आकर्षण का केंद्र रहेगा अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के खिलाड़ियों का मनमोहक प्रदर्शन। इन कलाकारों ने न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बनाई है और अब वे धमतरी के मंच से दर्शकों को अपने अद्वितीय करतबों से मंत्रमुग्ध करेंगे। विशेष रूप से, इस समारोह में इंडिया गॉट टैलेंट सीजन 10 के विजेता भी भाग लेंगे। उनकी दमदार प्रस्तुतियां उत्साह और रोमांच की लहर पैदा करेंगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि आदिवासी अचंल के अबूझमाड़ मलखंब एकेडमी के खिलाड़ी देंगे शानदार प्रस्तुति देंगे । यह प्रस्तुति न केवल खेल भावना को बढ़ावा देगी, बल्कि पारंपरिक खेल संस्कृति के प्रति लोगों में नई ऊर्जा और जागरूकता भी जगाएगी।



अबूझमाड़ के सितारे धमतरी में दिखाएंगे अद्भुत मलखंब कला

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण के साथ-साथ यह मलखंब प्रदर्शन सबसे बड़ा आकर्षण होगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस अद्वितीय अवसर पर परिवार सहित उपस्थित होकर इन नन्हे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। अबूझमाड़, जिसे आज भी देश के पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है, वहां के बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। खेल प्रशिक्षक मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में नवम्बर 2017 से इन बच्चों ने मलखंब का अभ्यास शुरू किया, और महज कुछ वर्षों में उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में धाक जमा दी।

इन बच्चों की यात्रा प्रेरणादायक रही है 26 जनवरी 2018 को गणतंत्र दिवस में पहली प्रस्तुति से लेकर, वेल्लापुरम (तमिलनाडु) में राष्ट्रीय खेल, सतारा (महाराष्ट्र) में राष्ट्रीय ओपन मलखंब प्रतियोगिता, नई दिल्ली में राष्ट्रीय मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया का मंच, गोवा में अंतरराष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता, अहमदाबाद (गुजरात) में अंतरराज्यीय मुकाबले, और पामगढ़ हाफ मैराथन दौड़ (रायपुर) तक हर जगह इन्होंने जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। इस स्वतंत्रता दिवस, धमतरी के मैदान में परंपरा, कौशल और रोमांच का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा इसे मिस करना सिर्फ एक अफ़सोस होगा।

## राष्ट्रीय ध्वज एवं बैनर के साथ दौड़ेंगे युवा, बच्चे

■ देशभक्ति की भावना जगाने 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को किया जा रहा है। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देशभक्ति की भावना को जागृत करने, स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को रेखांकित करने तथा जन-जन में राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।



दौड़ का शुभारंभ सुबह 7:30 बजे स्थानीय गांधी चौक मैदान (सिटी कोतवाली) से किया जाएगा। दौड़ गांधी चौक मैदान गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकीज रोड , शिव चौक, सेंचुरी गार्डन होते हुए वापस गांधी चौक मैदान पहुंचेगी। यहां दौड़ का समापन होगा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज एवं बैनर के साथ दौड़ के दौरान युवाओं एवं बच्चों का उत्साह देखने को मिलेगा। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा हेतु पेयजल की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सकीय दल एवं यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग की विशेष टीम तैनात रहेगी। जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में भाग लें और अपने परिवार, मित्रों एवं सहकर्मियों को भी शामिल होने के लिए प्रेरित करें ताकि स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी मिलकर एकता, भाईचारे और देशभक्ति का संदेश पूरे जिले में फैला सकें।

## अंवरी स्कूल में हुई पालक शिक्षक मेगा बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल अंवरी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी कुरुद उपस्थित थे। प्राचार्य पीएन साहू ने कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर बेहतर शिक्षा का प्रयास कर सकते हैं। विद्यार्थी की विषय संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं को दूर कर सकते हैं। आईआर साहू अंग्रेजी व्याख्याता ने कहा कि शिक्षकों को जरूर बताएं जब तक नहीं बताएंगे आपकी समस्या का समाधान नहीं होगा। गुरु और शिष्य में अटूट संबंध रहता है। भुनेश्वर राम साहू पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा परिणाम को अच्छा लाने के लिए कड़ी पढ़ाई करनी पड़ती है । जब तक शिक्षक, पालक और छात्रों में तालमेल नहीं रहेगा तब तक उत्कृष्ट परिणाम नहीं आ सकता। बिसाहू राम साहू, केएल यादव, योगेश साहू, एन सिन्हा, पी सिन्हा, के स्वाति टंडन, डीके साहू, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, लेखराम साहू, फलेन्द्र ध्रुव, पवन यादव, भागीराम तारक, बालाराम ध्रुव ने बच्चों को टाई, बेल्ट एवं बैच का वितरण किया।

## स्वास्थ्य विभाग ने कुष्ठ आश्रम में मनाया रक्षाबंधन




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रानीबगीचा के कुष्ठ आश्रम में रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ भेदभाव कर लोग उनसे दूरी बनाये रखते हैं। रोग से पीड़ित रह चुके व रोगियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तत्कालीन कलेक्टर सीआर प्रसन्ना व तात्कालिक सीएमएचओ डॉ. डीके तुर्रे द्वारा वर्ष 2017 में नई पहल करते हुए कुष्ठ रोगियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने की शुरूआत की गई जिसे प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे राज्य में लागू कर दिया। तब से सभी जिला स्वास्थ्य विभाग व सीएचसी एवं पीएचसी से कुष्ठ रोगियों व रोग मुक्त हो चुके लोगों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाने लगा है।

इस वर्ष सीएमएचओ डॉ. कौशिक के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शनिवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। इस दौरान कबीरधाम में सीएमएचओ की कमान संभाल रहे डॉ. डीके तुर्रे विशेष रूप से उपस्थित हुए। आश्रम में रिकवर हो चुके सभी लोगों के साथ रक्षाबंधन मनाया गया। सभी को एनसीआर चप्पल, दवाई, भोजन व श्रीफल प्रदान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से जिला कुष्ठ समन्वयक एके साहू सहित स्टाफ मौजूद था।

## बोड़रा (सं) में एक माह तक मानस पाठ



■ सस्वर मानसगान सुनने लोगों की भीड़ उमड़ती रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोड़रा (सं) निवासी अशोक गुप्ता कार्यपालन अभियंता मंडी बोर्ड रायपुर के निवास स्थान बोड़रा (सं) में 10 जुलाई से 10 अगस्त तक शाम 6 से 9 बजे तक संगीतमयी मानस पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें इंदिरा मानस मड़ली बोड़रा, श्रद्धा सुमन मानस मंडली बोड़रा ने अपनी प्रस्तुति दी। दुग्ध बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, चेतनलाल देवांगन पोटियाडीह, आलोक जाधव धमतरी, बाबी पवार धमतरी, पूर्व दुर्ग मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू ने मानसपाठ का श्रवण किया। समापन अवसर पर पूर्व सांसद स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन छग के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, धमतरी विधायक ओंकार साहू, कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू, कांकेर के भगवताचार्य पं. तोरण महाराज, सम्बलपुर के भगवताचार्य पं. ज्ञानेश्वर शर्मा ने अपनी उपस्थिति दी एवं रामायण पाठ का श्रवण किया। कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेन्द्र साहू ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी। समापन बेला में म्यूजिकल आर्केस्ट्रा धमतरी ने भक्ति संगीत के साथ भजन पेश किया जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर बोड़रा सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### लालबगीचा में मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में सतनामी समाज द्वारा वार्ड के सामुदायिक भवन में ममतामयी मिनीमाता की पूजा-अर्चना कर पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड की पार्षद श्रीमती हिमानी भागवत साहू ने मिनीमाता के संघर्ष जीवन के बारे में लोगों को अवगत कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं वार्डवासी मौजूद थे।

### धमतरी की फिजा में अपराध का जहर घुल चुका है : प्रकाश

**धमतरी।** महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी एवं जनपद सदस्य धमतरी



प्रकाश पवार ने कहा कि धर्म की नगरी धमतरी की पहचान अब चाकूबाजी और हत्या से होने लगी है। लगातार हो रही चाकूबाजी और हत्या की घटना छत्तीसगढ़ सरकार, गृहमंत्री एवं प्रशासन की अक्षमता का एक जीता जागता उदाहरण है। कानून का खौफ पूरी तरह से खत्म हो चुका है। नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। धमतरी की फिजा में अपराध का जहर घुल चुका है। आज धमतरी की पहचान चाकूबाजी और हत्या से होने लगी है। गांजा एवं अन्य सूखा नशा पर भी सरकार नियंत्रण करने में विफल रही है जो अपराध की वृद्धि का एक कारण है। पुलिस प्रशासन एवं प्रदेश सरकार में कठोर कार्रवाई की इच्छा शक्ति का अभाव साफ दिखता है जिससे अपराधियों और अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।

### तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**धमतरी।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू अमेरिका के राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन (एनसीएसएल) में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ लौटने पर रायपुर एयरपोर्ट पर उनका छत्तीसगढ़ साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान उदित साहू प्रदेश संगठन सचिव, कुलदीप साहू प्रदेश कोषाध्यक्ष, पारसमणि साहू प्रदेश संयुक्त सचिव, शुभम साहू संभाग उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### विश्व आदिवासी दिवस पर सेनचुवा में हुआ पौधारोपण

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। ईश्वर गौरा गुड़ी की सेवा अर्जी, पूजा पाठ के बाद जिलास्तरीय कार्यक्रम भखारा में शामिल हुए। इस अवसर पर जितेंद्र साहू सरपंच सोहन मंडावी, गोपाल सूर्यवंशी, टिकेश्वर मंडावी मौजूद थे।

त्योहार के सप्ताहभर पहले देंगे फाइनल टच

# भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं बनाने में जुटे मूर्तिकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष गणेश चतुर्थी 7 अगस्त बुधवार को है। भगवान गणेश को विराजित करने के बाद भक्त 11 दिन तक विधि-विधान से पूजा अर्चना करेंगे। शहर के प्रमुख पंडाल सहित चौक-चौराहों और घरों में हजारों की संख्या में गणेश प्रतिमाएं विराजित होंगी। 11 दिन तक वातावरण में भक्ति का माहौल रहता है। मूर्तिकार भी गणेशजी की आकर्षक प्रतिमाएं बनाने में जुटे हैं। अब गणेश की आकृति अंतिम रूप में है। रंग रोगन, पेंट , सजावट के बाद आंख खोलते ही भगवान विराजित होंगे। मूर्तिकारों का कहना है कि अभी फाइनल टच बाकी है जिसे सप्ताह भर पूर्व शुरू करते हैं।

शहर के मूर्तिकार शंकरलाल कुंभकार, कमलेश कुंभकार, नितेश कुंभकार, रामस्वरूप कुंभकार, मितेश कुंभकार, भक्ता कुंभकार, सूरज कुंभकर, खेमराज कुमार, गगन कुंभकार, उमाशंकर कुंभकार, महावीर कुंभकार आदि ने बताया कि उनके पास छोटी प्रतिमाओं से लेकर बड़ी मूर्तियां बनकर तैयार है जिसकी कीमत 200 से 10 हजार तक है। 10 हजार से ऊपर की कीमत वाली प्रतिमाओं की डिमांड दूसरे जिले बालोद, अभनपुर, राजिम, गरियाबंद, चारामा, कांकेर में भी रहती है। 4 माह पहले ऑर्डर एडवांस बुकिंग कर लेते हैं। छोटी प्रतिमाओं को भी छोटे व्यापारी थोक के भाव ले जाते हैं जिसे अपने शहर में भक्तों को देते हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि कच्चे मटेरियल की कीमत बढ़ने से मूर्ति निर्माण की लागत बढ़ जाती है। फिर भी इस वर्ष सामान्य रूप से ही मूल्य बढ़ा है ताकि भक्तों को अधिभार न लगे। मूर्ति निर्माण में प्रयुक्त होने वाली मिट्टी, लकड़ी, भूसा, पैरा, कुट्टी, राड, पेंट, पुट्टी, चूना, कलर, सजावटी सामान, आभूषण, बाली आदि चीजों की कीमत बढ़ गई है। स्थानीय स्तर पर नहीं मिलने से कुछ सामान बाहर से मंगवाते हैं। इस वर्ष मिट्टी से ही प्रतिमा बनाई गई है। प्लास्टर आफ पेरिस का उपयोग नहीं किया गया है।

मूर्तिकारों का कहना है कि बारिश के कारण प्रतिमाएं ठीक से सूख नहीं रही हैं, जिसे लाइट की गर्मी देकर सुखाया जा रहा है। इस काम में काफी मेहनत है। शारीरिक श्रम खूब करना पड़ता है। सुबह 4 बजे से रात्रि 12-1 बजे तक काम चलता रहता है। भक्तों का आर्डर पूरा करने जी-तोड़ मेहनत करते हैं। इसमें पूरा परिवार जुटा रहता है। यह बारीकी का काम है इसलिए धैर्य की जरूरत पड़ती है। स्टेप बाई स्टेप काम चलता है। पहले सप्ताह भर तक मिट्टी बनाते हैं। मूर्ति बनाने के बाद 15 दिनों तक सुखाते हैं। रंग, रोगन, सजाने का काम शुरू हो जाता है। बारिश में मूर्तियों को सुरक्षित रखना महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए बड़ी जगह में शेड का निर्माण कर घेरा लगाते हैं। जानवर से बचाने काफी उपाय करते हैं।

## एक हजार मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली रैली



■ देशभक्ति और नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हर घर तिरंगा के तहत देशभक्ति से भरपूर धमतरी शहर में एक हजार मीटर तिरंगे के साथ रैली निकाली गई। इस रैली में महापौर रामू रोहरा, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही नशामुक्ति का भी संदेश दिया गया। यह कोई साधारण यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति जिम्मेदारी का जीवंत प्रमाण था। रैली घड़ी चौक से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए चमेली चौक से गुजरते हुए गई। इस दौरान देशभक्ति के गीत, भारत माता की जय और वंदे मातरम की उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

हाथों में तिरंगा लहराते बच्चों का जोश देखते ही बन रहा था। नशामुक्ति के संदेश के साथ निकाली गई इस यात्रा ने हर दिल में जोश और जुनून की नई लहर जगा दी। यह यात्रा नगरपालिक निगम में समाप्त हुई। इस मौके पर महापौर रामू रोहरा ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर ही राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। यह यात्रा एक आयोजन ही नहीं बल्कि एक ऐसा ऐतिहासिक पल था, जिसमें देशभक्ति और सामाजिक सहभागिता झलक रही थी।

### पं नरहर दुबे को विप्र विद्वत परिषद ने दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद के सदस्य पं. आलोक दुबे के पिता स्व. पं नरहर दुबे को विप्र विद्वत परिषद ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि



देने वालों में परिषद अध्यक्ष पं अशोक शास्त्री, होमन प्रसाद शास्त्री, संतोष तिवारी, महेश शास्त्री, सूरज तिवारी समेत विप्र विद्वत परिषद के अनेक सदस्य शामिल हैं। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी पं. राजकुमार तिवारी ने दी।

# रंजना बनीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

■ घड़ी चौक में हुआ ऐतिहासिक स्वागत, कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें धमतरी की पूर्व विधायक



रंजना साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। विदित हो कि पूर्व में मुखर विधायक के रूप में प्रदेश में अपनी छाप छोड़ चुकी रंजना साहू को उत्कृष्ट विधायक भी चुना गया था और प्रदेश भाजपा द्वारा प्रदेश प्रवक्ता भी बना गया था जिसे उन्होंने बखूबी से निभाया और अब उनकी सक्रियता संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इधर नियुक्ति के पश्चात भाजपाइयों ने घड़ी चौक में रंजना साहू का भव्य स्वागत किया। रंजना साहू की यह नियुक्ति इसलिए अहम मानी जा रही है कि उनमें नेतृत्व के साथ प्रशासनिक क्षमता एवं सक्रियता से जनता के काम कराने के सारे गुण हैं। उन्होंने धमतरी के विकास के लिए विपक्ष में लड़ी थी। अब उनकी सरकार होने से धमतरी विकास के लिए सतत प्रयासरत रहेंगी। ऐसे समय में उनकी नियुक्ति को काफ़ी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। धमतरी भाजपा में जश्न का माहौल है। स्वागत करने वालों में प्रीतेश गांधी, महामंत्री राकेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, नगर निगम एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, हेमंत बंजारे, अशोक सिन्हा, जनपद सदस्य अनीता यादव, कोमल सार्वा, हेमंत माला, विजय साहू, अमित साहू, रितिका यादव, भीषम निषाद, वीरेंद्र साहू, पंकज साहू, दौलत वाधवानी, दयाशंकर सोनी, गोलू ठाकुर, केवल साहू, दिलीप पटेल, पन्ना थवाइत, जितेश सिन्हा, देवेश अग्रवाल, विशाल रामरख्यानी, गोविंद सिंग ढिल्लन, बीथिका बिश्वास, जागेश्वरी साहू, नीरज शुक्ला, कोमल देवांगन, लोकेश टंडन, बशीर अहमद, ऋषभ देवांगन, राजेश साहू, रोहिताश मिश्रा, अज्जू देशलहरे, नीरज नाहर, जय हिंदूजा, रिक्की गनवानी उपस्थित थे।

# मराठा समाज ने पार्थिव शिवलिंग की पूजा कर जनकल्याण की कामना की





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मराठा मगल भवन में मराठा समाज एवं जीजामाता महिला मंडल द्वारा पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना एवं यज्ञ हवन किया गया। भगवान भोले बाबा की पूजा कर जनकल्याण की कामना की गई तथा हिंदू समाज में व्याप्त बुराइयों को दूरकर समस्तजनों के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में जीजा माता महिला मंडल की सदस्यों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

मौके पर दीपक लोंढे अध्यक्ष मराठा समाज धमतरी, शिरोमणि राव घोड़पड़े, महेंद्र गायकवाड़, सतीश जाधव, अशोक कावड़े, विनोद जाधव, श्रीलेखा जाधव, जीजा माता महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती ममता बाबर, निरुपमा भांडुलकर, किरण होलकर, रजनी जगताप, सुचेता लोंढे, शुभद्रा इंगले, ममता पवार, रश्मि पवार, संगीता मगर, नम्रता पवार, रिंकी जाधव, पूनम चौहान, प्रिया जगताप, आशालता चौहान, विजया बाई पवार, प्रतिभा जाधव, दुर्गा जगताप, शशिकला जाधव, अरुणा जाचक, रीता कावड़े, संध्या जाधव, आशा जाधव, छाया कावड़े, पद्मावती कृदत्त, सुल्तान राव पवार, आलोक जाधव, पंकज बाबर, सतीश पवार, प्रतीक्षा बाबर, मीता गायकवाड़, शिप्रा चव्हाण, सरोज रक्टाटे उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज










